माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश
MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, UTTAR PRADESH

Website : https://mpublp.ac.in E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**

पत्रांक सं.: माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/205 दिनांकः 08,अप्रैल 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025–26 के स्नातक, परास्नातक एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर की प्रस्तावित परीक्षा के सम्बन्ध में अधिष्ठाता समिति की बैठक दिनांक 08.04.2026 को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए निर्णय लिए गए :–

1. शैक्षिक सत्र 2025–26 के स्नातक, परास्नातक एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर की प्रस्तावित परीक्षा दिनांक 10 मई से 15 मई, 2026 के मध्य प्रारम्भ किया जाना है, परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत सूचना अलग से दी जायेगी।
2. परास्नातक पाठ्यक्रमों के सभी विषयों एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों(यथा एल.एल.बी / बी.ए.एल.एल.बी, बी.एड,बी.पी.एड, बी.पी.ई.एस, बी.एससी.कृषि, बी.लिब.)के सभी विषयों का प्रश्नपत्र लिखित / वर्णनात्मक एवं शेष स्नातक स्तर के सभी विषयों का प्रश्नपत्र बहुउत्तरीय(MCQ) होगा ।
3. बहुउत्तरीय (MCQ) प्रश्नपत्र 75 अंक के रहेंगे, जिसमें 75 प्रश्न होंगे। लिखित / वर्णनात्मक प्रश्नपत्र डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के प्रश्नपत्र पैटर्न अथवा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयार किये जायेंगे।

कृपया उक्त से अवगत होते हुए अपने स्तर से छात्र छात्राओं को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. अधिष्ठातागण, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर ।
2. कुलसचिव, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर ।
3. कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ ।
4. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि संलग्न उक्त सूचना को सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त को सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ।

6- सम्बन्धित पत्रावली ।

परीक्षा नियंत्रक